## माननीय कुलाधिपति की अध्यक्षता में राजभवन, पटना में दिनांक–06.09.2019 को मगध विश्वविद्यालय, बोध गया के कुलपति, प्रतिकुलपति, वित्तीय सलाहकार, कुलसचिव एवं महाविद्यालय निरीक्षक के साथ समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।

उपस्थिति–प्रपत्र–ए के अनुसार।

दिनांक–06.09.2019 को माननीय कुलाधिपति की अध्यक्षता में मगध विश्वविद्यालय, बोध गया के कुलपति, प्रतिकुलपति, कुलसचिव, वित्तीय सलाहकार, परीक्षा नियंत्रक, महाविद्यालय निरीक्षक एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ विश्वविद्यालय के कार्यों की समीक्षा की गयी।

बैठक प्रारम्भ होने के पूर्व सर्वप्रथम श्री ब्रजेश मेहरोत्रा, माननीय कुलाधिपति के प्रधान सचिव द्वारा माननीय कुलाधिपति तथा सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। उनके द्वारा बैठक के लिए निर्धारित एजेंडा (संलेख) विशेषकर शैक्षणिक एवं परीक्षा सत्र का अनियमित होना, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के नैक मूल्याकंण, बायोमेट्रीक उपस्थिति, उपयोगिता प्रमाण–पत्र का समर्पण, निर्धारित दिशा–निर्देश के आलोक में अतिथि शिक्षक (Guest Faculty) की नियुक्ति, B.S.E.I.D.C. द्वारा कराये जा रहे कार्यों, विश्वविद्यालय स्तर पर जन–शिकायत निवारण के अन्तर्गत निष्पादित मामलों, नियमित रूप से पेंशनादि के भुगतान आदि के संबंध में माननीय कुलपति से त्वरित कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया।

**माननीय कुलाधिपति द्वारा अपने संबोधन में निम्न बिन्दुओं पर बल दिया गया:–**

1. माननीय कुलाधिपति द्वारा शैक्षणिक सत्र को नियमित समय पर संचालन करने, परीक्षाओं के ससमय आयोजन, परीक्षाफल के ससमय प्रकाशन तथा दीक्षांत समारोह (Convocation) को नियमित अन्तराल पर आयोजित कराने का निदेश दिया गया।
2. सभी महाविद्यालयों के नैक मूल्यांकन के लिए नियमित अन्तराल पर विश्वविद्यालय स्तर पर समीक्षात्मक बैठक आयोजित करने का निदेश दिया गया।
3. सेवानिवृत होने वाले कर्मियों को सेवानिवृति के दिन ही पेंशनादि का भुगतान करने का निदेश दिया गया। सेवानिवृत होने वाले कर्मियों का सेवानिवृति की तिथि से छः

माह पूर्व ही सभी पेंशन–प्रपत्र को भरने तथा आवश्यक सूचनाओं के संग्रहण का निदेश दिया गया।

4. आधारभूत संरचना को विकसित करने तथा अन्य मदों में उपलब्ध करायी गयी निधि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र शिक्षा विभाग, बिहार सरकार को ससमय उपलब्ध कराया जाय।
5. शिक्षकों की कमी को देखते हुए अतिथि शिक्षक (Guest Faculty) को निर्धारित दिशा–निदेश के अनुसार स्वीकृत पद का आकलन कर नियुक्ति की कार्रवाई पूर्ण पारदर्शिता के साथ की जाय।
6. वृहत पैमाने पर वृक्षारोपन, विशेषकर फलदार वृक्ष लगाने का निदेश दिया गया। लगाये गये वृक्षों को जीवित रखने के लिए वनपोषक आदि की सेवा, आवश्यकतानुसार लेने का निदेश दिया गया।
7. जल संरक्षण को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित किया जाय तथा भवनों में Rain Water Harvesting की सुविधा मुहैया कराया जाय।
8. माननीय कुलाधिपति द्वारा विश्वविद्यालय को गाँवों को गोद लेने का निदेश दिया गया। इन गाँवों में शिक्षा के प्रति जागरूकता, नशाबंदी के संबंध में प्रचार–प्रसार, तम्बाकु, गुटखा से होने वाली बीमारियों, सामाजिक कुरीतियों के विरूद्ध जागरूकता, स्वच्छता अभियान आदि के प्रचार–प्रसार करने का निदेश दिया गया।
9. विश्वविद्यालय में नामांकन पूरा होने के एक माह बाद छात्र संघ के चुनाव की प्रकिया प्रारम्भ की जाय। यथासंभव अक्टूबर माह में चुनाव कराया जाय।
10. योजनाओं के कार्यान्वयन में उसकी गुणवत्ता एवं पारदर्शिता का विशेष रूप से ध्यान रखा जाय।
11. माननीय कुलाधिपति द्वारा महाविद्यालयों तथा स्नात्तकोत्तर विभागों में नियमित कक्षाओं के आयोजन पर बल दिया गया तथा कुलपति को स्वयं इसकी मॉनिटरिंग करने का निदेश दिया गया।
12. माननीय कुलाधिपति द्वारा स्वच्छ तथा कदाचारमुक्त परीक्षाओं के आयोजन पर बल दिया गया।

13. माननीय कुलाधिपति द्वारा अंगीभूत महाविद्यालयों में संचालित स्वयं वित्त पोषित पाठ्यक्रमों (Self Financed Course) में यू.जी.सी. द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुसार सुयोग्य शिक्षकों की नियुक्ति का आदेश दिया गया।

14. माननीय कुलाधिपति द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय में गांधी दर्शन पर संगोष्ठी, सेमिनार, संवाद, आदि के आयोजन का निदेश दिया गया।

15. माननीय कुलाधिपति द्वारा बायोमेट्रिक मशीन को तोड़ने वालों पर निरोधात्मक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

**माननीय कुलाधिपति के संबोधन के पश्चात मगध विश्वविद्यालय, बोध गया की समीक्षा निम्न 32 बिन्दुओं पर की गयी।**

1- **Current & Pending Exam and Academic Calendar.**

2. **स्नातक स्तर**

| Status of conduct of Exam UG (Regular Course) of Magadh Univ., Gaya | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Session | Closing date of admission | Part - I | | Part – II | | Part - III | |
| | | Date/Proposed date of Exam. | Date/Proposed date of publication of results | Date/Proposed date of Exam. | Date/Proposed date of publication of results | Date/Proposed date of Exam. | Date/Proposed date of publication of results |
| 2016-19 | | | Completed | | Completed | 19.09.2019 4 Months delayed | 31.10.2019 4 Months delayed |
| 2017-20 | | Completed | 10.09.2019 1 year3 Months delayed | 15.10.2019 6 Month delayed | 30.11.2019 6 Months delayed | 10.04.2020 | 20.05.2020 |
| 2018-21 | | 15.11.2019 6 Months delayed | 31.12.2019 6 Months delayed | 05.05.2020 | 30.06.2020 | 16.04.2021 | 30.05.2021 |
| 2019-22 | Not Closed | 26.05.2020 | 30.06.2020 | 11.05.2021 | 20.06.2021 | 12.04.2022 | 30.05.2022 |

स्नात्तकोत्तर स्तर

| Status of conduct of Exam PG (Regular Course) of Magadh Univ., Gaya | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Session | Closing date of admission | Part/Sem - I | | Part/Sem – II | | Part/Sem - III | | Part/Sem - IV | |
| | | Date/ Proposed date of Exam. | Date/Proposed date of publication of results | Date/Proposed date of Exam | Date/Proposed date of publication of results | Date/Proposed date of Exam. | Date/Proposed date of publication of results | Date/Proposed date of Exam. | Date/Proposed date of publication of results |
| 2016-18 | | | Completed | | Completed | | Completed | 11.10.19<br>1.6 years delayed | 20.11.19<br>1.6 years delayed |
| 2017-19 | | | | 11.10.2019<br>1 yrs. 5 Months delayed | 20.11.2019<br>1 yrs. 5 Months delayed | 04.01.2020<br>1 yrs. 2 Months delayed | 10.02.2020<br>1 yrs. 2 Months delayed | 13.04.2020<br>1 year delayed | 30.05.2020<br>1 year delayed |
| 2018-20 | Admission Not done | | | | | | | | |
| 2019-21 | | | | | | | | | |

2. **Status of NAAC.**

कुलपति, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया द्वारा बताया गया कि कुल 19 अंगीभूत महाविद्यालयों में से 8 का नैक मूल्याकंण हो गया है। शेष 11 महाविद्यालयों में I.I.Q.A. तथा S.S.R. रिपोर्ट समर्पित किया जा चुका है।

3. **Digital Initiative and Status of UMIS and Yearly Expenditure on it.**

प्रतिवेदन निम्न है।

- ❑ UMIS student Life-cycle has been implemented.
- On-Line admission for U.G. courses 2019-22 implemented.
  **Form Applied:**
  **B. A. : 69,474**
  **B. Sc. : 52,413**
  **B. Com. : 2,839**
  **Total : 1,24,726**
  **Total Admission : 26, 354**
- Registration process has been implemented.
  **Total 1,03,461 students registered in 2017-20**
  **Total 52,306 students registered in 2018-21**
- ❑ Expenditure:- Per student of Rs.209 for complete life cycle.

4. **Submission of Research Projects.**

4 रिसर्च प्रोजेक्ट समर्पित किया गया है, परन्तु स्वीकृति की सूचना अप्राप्त है।

5. **Plantation Drive and Rain Water Harvest Project.**

**'हर परिसर, हरा परिसर'** के आधार पर वृक्षारोपन का कार्य किया जा रहा है। जल शक्ति अभियान भी **''जल संरक्षण''** के लिए के लिए चलाये जा रहे हैं। वृक्षारोपन एवं Rain Water Harvesting पर नाटक, संगोष्ठि, कार्यशाला, निबंध प्रतियोगिता आदि का भी आयोजन किया जा रहा है।

Rain Water Harvesting के लिए विश्वविद्यालय परिसर में एक तालाब का निर्माण किया गया है तथा 3 अन्य तालाब का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जाएगा।

6. **Monitoring of B.Ed. Post/Hed Post.**

प्रतिवेदन निम्न है।

All B.Ed. Colleges are uploading photos twice a month and other details regularly on monthly basis.

❑ **H.Ed. Post:**

- Constituent Colleges :- 100%.

7. **Progress of Online Degree Distribution.**

प्रतिवेदन निम्न है।

| Total No. of Application Receivd | Total No. of Degree issued | Under process | Pending due to Mark sheet wanting | Remarks |
|---|---|---|---|---|
| 3338 | 551 | 329 | 2458 | |

8. **Affiliation of Colleges**

महाविद्यालयों के संबंधन का मात्र एक मामला शिक्षा विभाग, बिहार सरकार में लंबित है।

**9. Bio Metric Attendance.**

कुलपति, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया द्वारा सभी कार्यरत कर्मियों तथा शिक्षकों की उपस्थिति बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली के द्वारा कराये जाने की सूचना दी गयी।

कुलपति द्वारा बताया गया कि पूर्व में 62,000/– (रूपए बासठ हजार मात्र) की दर से बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली का अधिष्ठापन किया गया था, जो अत्यधिक प्रतीत होता हैं।

निर्णय लिया ग़या कि B.S.E.I.D.C. द्वारा निर्धारित दर तथा बाजार के दर का सत्यापन कर भुगतान के संबंध में अधिष्ठापन की स्थिति की समीक्षा कर नियमानुकूल कार्रवाई की जाए।

शिक्षकों का वेतन भुगतान बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली से लिंक करने का निदेश दिया गया।

**10. Demand submission for Women's College & Girl Students to Education Department.**

विश्वविद्यालय को महिला छात्राओं की संख्या का आकलन कर राशि की मांग शिक्षा विभाग, बिहार सरकार से करने का निदेश दिया गया ।

**11. Utilization of fund for Laboratory & Library.**

पुस्तकालय, प्रयोगशाला एवं अन्य मदों में उपलब्ध करायी गयी निधि की विलम्ब से निकासी की गयी जिसके कारण उपयोगिता प्रमाण–पत्र समर्पित नहीं किया गया।

विश्वविद्यालय को शीघ्र उपयोगिता प्रमाया–पत्र समर्पित करने का निदेश दिया गया।

**12. Guest Faculty Appointment & Submission of demand to Education Department.**

अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति हेतु कुल 1955 आवेदन–पत्र प्राप्त होने की सूचना कुलपति, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया द्वारा दी गयी। उनके द्वारा सूचित किया गया कि आवेदन–पत्रों की जाँच तथा रोस्टर क्लीयरेन्स के पश्चात् नियुक्ति की कार्रवाई प्रारम्भ की जाएगी।

**13. Solar Energy Installation.**

BREDA के कर्मियों द्वारा विश्वविद्यालय परिसर का भ्रमण कर 01.70 करोड़ रूपये (एक करोड़ सत्तर लाख) रूपए मात्र की योजना का डी. पी. आर. बनाने का

प्रस्ताव दिया गया गया। BREDA से राशि की मांग की गयी, परन्तु विश्वविद्यालय को इस मद में कोई भी राशि उपलब्ध नहीं है।

कुलपति, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया से अनुरोध किया गया कि वे अपना प्रस्ताव शिक्षा विभाग, बिहार सरकार को समर्पित करना सुनिश्चित करें।

**14.Sports & Cultural Activities (Eklavya & Tarang)**

सभी विश्वविद्यालयों को एकलव्य एवं तरंग प्रतियोगिता आयोजित करने का निदेश दिया गया। एकलव्य का कैलेन्डर प्रकाशित किया जा चुका है। तरंग प्रतियोगिता के लिए 172 छात्रों का चयन किया गया है।

**15.Submission of Infrastructure Project to Education Department.**

विश्वविद्यालय की आधारभूत संरचना को विकसित करने हेतु 4 नए छात्रावासों, कल्पना चावला छात्रावास की चहारदीवारी तथा एक स्टेडियम के निर्माण का प्रस्ताव भेजा गया है। भवन के रखरखाव के लिए 01.46 करोड़ रूपए (एक करोड़ छियालिस लाख) रूपये मात्र का प्रस्ताव समर्पित किया गया है।

**16.Adoption of Village.**

कुलपति, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया द्वारा विश्वविद्यालय के सभी अंगीभूत महाविद्यालयों द्वारा एक–एक गाँव गोद लेने की सूचना दी गयी। इन गाँव में स्वच्छता, सामाजिक कुरूतियों तथा शिक्षा के प्रति सामाजिक जागरूकता का कार्यक्रम चलाने का निदेश दिया गया।

**17-Pension & Retirement Benefit Payment.**

प्रतिवदन निम्न हैः–

| Sl. No. | Subject | No. of pending cases of Retiral Benefits till 31.08.19 | Cases disposed till 31.08.19 | No. of pending cases | No. of pending cases in process | No. of pending cases not applied |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Pension | 168 | 149 | 19 | 12 | 7 |
| 2 | Provident Fund | 168 | 149 | 19 | 12 | 7 |
| 3 | Gratuity | 168 | 139 | 29 | 22 | 7 |
| 4 | Group Insurance | 168 | 147 | 23 | 13 | 10 |
| 5 | Earned Leave Encashment | 168 | 118 | 50 | 0 | 50 |

विश्वविद्यालय को लंबित मामलों को शीघ्र निष्पादित करने का निदेश दिया गया।

**18. Updating of Data on H.Ed. Post**

H.Ed. Post पर सभी अंगीभूत महाविद्यालयों का Data Upload करने की जानकारी दी गयी।

**19. Status of Disposal of Grievance Redressal.**

कुलपति, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया द्वारा शिकायत निवारण हेतु कुल 23 आवेदन–पत्र प्राप्त होने तथा 16 के निष्पादित होने की जानकारी दी गयी।

**20. Project of 'Khelo India'.**

खेलो इंडिया अन्तर्गत प्रस्ताव शिक्षा विभाग, बिहार सरकार को भेजने का निदेश दिया गया।

**21. Court Cases.**

विश्वविद्यालय द्वारा निम्न प्रतिवेदन समर्पित किया गया।

| Court Cases Status in the University (upto 31.08.19) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **Final Disposed** | **CWJC** | **MJC** | **LPA** | **SLP** |
| • Total no. of cases as on 31.12.2018 | 578 | 110 | 117 | 13 |
| • Total no. of cases filed during current year 01.01.19 to 31.08.19 | 204 | 83 | 38 | 8 |
| • No of cases disposed till 31.08.19 | 375 | 71 | 121 | 16 |
| • No of cases pending for disposal till 31.08.19 | 407 | 122 | 34 | 7 |
| • Pending cases in which C/A has been filed | 312 | 82 | 34 | 7 |
| • Total no. of cases pending for filing C/A | 95 | 40 | 0 | 0 |

विश्वविद्यालय को वैसे अधिवक्ता अनुबंधित करने का निदेश दिया गया जिनका कार्यकलाप संतोषजनक है।

**22. Girls' Toilet**

कुलपति, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया द्वारा महिला छात्राओं के शौचालय के निर्माण हेतु कुल 86 इकाई महिला शौचालय के निर्माण का प्रस्ताव शिक्षा विभाग, बिहार सरकार को भेजने की सूचना दी गयी।

**23. Student's Union Election**

कुलपति, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया द्वारा वर्तमान शैक्षणिक सत्र में नामांकन की प्रक्रिया समाप्त होने के पश्चात् एक सप्ताह के भीतर छात्र संघ का चुनाव प्रारम्भ करने की सूचना दी गयी।

**24. 2nd October 'Cleanness Drive and use of one time Plastic.**

कुलपति द्वारा बताया गया कि दिनांक–02 अक्टूबर, 2019 को विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के लिए NSS से सभी महाविद्यालयों से सम्पर्क कर कार्य योजना तैयार करने का निदेश दिया गया है।

'Single Use Plastic' का उपयोग नहीं करने तथा इसे प्रतिबंधित करने का निर्णय लेने की जानकारी दी गयी।

**25. NAD 'National Academic Depository'.**

NAD के अन्तर्गत शीघ्र अनुबंध करने की सूचना दी गयी।

**26. NDL 'National Digital Library'.**

NDL का निबंधन शीघ्र करने का आश्वासन दिया गया।

विश्वविद्यालय से अनुरोध किया गया कि नवनामांकित छात्रों का NDL में निबंधन नामांकन के समय ही करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। यथासम्भव नामांकन प्रपत्र में तथा परीक्षा प्रपत्र में, NDL में रजिस्ट्रेशन का एक कॉलम बनाया जाय।

**27. Status of coverage of teachers and non-teaching employees under Comprehensive Financial Management System (CFMS).**

CFMS अन्तर्गत कुल 1803 कार्यरत्त शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों में से 1776 का निबंधन करने की जानकारी दी गयी।

कुलपति से सभी पेंशनधारियों का रजिस्ट्रेशन CFMS में करने का अनुरोध किया गया।

**28. Status of submission of proposal for curriculum revision of Under-Graduate courses.**

मगध विश्वविद्यालय, बोधगया को अर्थशास्त्र, इतिहास, प्राचीन इतिहास, मगही, रसायन शास्त्र एवं बुद्धिष्ट अध्ययन (Buddhist Studies) के पाठ्यक्रमों में संशोधन का कार्य सौंपा गया है।

कुलपति द्वारा एक सप्ताह के भीतर CBCS pattern पर पाठ्यक्रम संशोधन का प्रस्ताव समर्पित करने की जानकारी दी गयी।

**29. Vacancies of teachers.**

विश्वविद्यालय में शिक्षकों के 1022 स्वीकृत बल के विरूद्ध 633 रिक्ति है।

विश्वविद्यालय को शिक्षकों की नियुक्ति का प्रस्ताव शीघ्र रोस्टर क्लीयरेन्स के पश्चात् शिक्षा विभाग, बिहार सरकार को समर्पित करने का निदेश दिया गया।

**30. Status of joining of teachers recommended by BPSC.**

बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा चयनित सभी शिक्षकों को नियुक्ति–पत्र निर्गत करने की सूचना कुलपति द्वारा दी गयी।

**31. Status of submission of Utilization-Certificate for development assistance given by Deptt. of Education.**

शिक्षा विभाग तथा अन्य संस्थाओं से प्राप्त निधि का उपयोग किया जा रहा है। राशि के उपयोग के पश्चात् उपयोगिता प्रमाण–पत्र समर्पित करने की सूचना कुलपति द्वारा दी गयी।

**32. Status of conduct of Smart Classes.**

कुछ शिक्षकेत्तर विभागों में स्मार्ट क्लास रूम की व्यवस्था है।

कुलपति, मगध विश्वविद्यालय को निदेश दिया गया कि सभी अंगीभूत महाविद्यालयों तथा शिक्षकेत्तर विभागों में स्मार्ट क्लासेज की व्यवस्था की जाय।

**समीक्षा के उपरान्त निम्नलिखित निर्णय लिये गये।**

1. विश्वविद्यालय को शैक्षणिक सत्र अद्यतन रखते हुए ससमय परीक्षा का संचालन तथा परीक्षाफल के प्रकाशन का निदेश दिया गया। विश्वविद्यालय को परीक्षाओं से संबंधित सूचनाओं को अपने वेवसाईट पर Upload करने का निदेश दिया गया।
2. विश्वविद्यालय को सभी महाविद्यालयों का नैक मूल्याकंण शीघ्र करने हेतु निदेश दिया गया।
3. विज्ञान के साथ–साथ कला (Arts) से संबंधित Research Project भी समर्पित करने का निर्णय लिया गया।

4. विश्वविद्यालय को Rain Water Harvesting का अपना प्रस्ताव शिक्षा विभाग को भेजते हुए उसकी एक प्रति राज्यपाल सचिवालय को भी समर्पित करने का निदेश दिया गया ताकि विभाग से समन्वय स्थापित कर प्रस्ताव की स्वीकृति की दिशा में कार्रवाई की जा सके।
5. परिनियम के अनुसार शिक्षकों की प्रत्येक कार्य दिवस में कम–से–कम 5 घंटे तथा प्रत्येक सप्ताह न्यूनतम 40 घंटे की उपस्थिति महाविद्यालयों तथा स्नातकोत्तर विभागों में सुनिश्चित की जाय।
6. B.S.E.I.D.C. द्वारा विश्वविद्यालय या महाविद्यालयों में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कम–से–कम 15 दिनों पर विशेष सचिव, शिक्षा विभाग द्वारा की जाय।
7. छात्राओं के फीस नहीं लेने की प्रतिपूर्ति हेतु विश्वविद्यालय में अध्ययनरत महिला छात्रों की संख्या का आकलन कर "Token Money" निर्गत करने का अनुरोध शिक्षा विभाग से किया जाय।
8. सेवा निवृत होने वाले कर्मियों के सेवांत लाभ से संबंधित प्रपत्र तथा अन्य जानकारी सेवा निवृति की तिथि से 6 माह पूर्व ही प्राप्त करने का निदेश दिया गया।
9. छात्र संघ का चुनाव वर्तमान सत्र में नामांकन की प्रक्रिया समाप्त होने के पश्चात् एक माह के भीतर यथासंभव अक्तूबर माह में कराया जाय।
10. C.F.M.S. के अन्तर्गत सभी कार्यरत्त शिक्षकों तथा शिक्षकेत्तर कर्मियों के साथ–साथ सभी पेंशनधारियों की प्रविष्टि सुनिश्चित की जाय।
11. वृक्षा रोपन के अन्तर्गत फलदार वृक्षों के रोपने पर विशेष बल दिया जाय। लगाये गये वृक्षों को जीवित रखने के लिए सभी सम्भव उपाय किये जायें। आवश्यकतानुसार वन पोषक तथा अन्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति वृक्षों को जीवित रखने के लिए की जाय।
12. महाविद्यालयों के संबंधन हेतु सम्पूर्ण सत्र के संबंधन की स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध शिक्षा विभाग से किया गया।
13. जून, 2020 तक सभी लंबित परीक्षाओं के आयोजन तथा परीक्षाफल प्रकाशन का निर्देश दिया गया। विश्वविद्यालय द्वारा दिये गये कार्यक्रम में यदि, परीक्षाओं के

आयोजन के संबंध में कोई संशोधन किसी भी परिस्थिति में, करने की आवश्यकता हो तो माननीय कुलाधिपति का आदेश प्राप्त किया जाए।

14. सभी अंगीभूत महाविद्यालयों द्वारा न्यून्तम एक स्मार्ट क्लास प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया।

15. शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की अनाधिकृत अनुपस्थिति को गंभीरता से लेने का निर्णय लिया गया।

16. शिक्षकों को आवास किराया भत्ता इनके आवासीय पता के निरीक्षण के उपरांत ही भुगतान करने का निर्णय लिया गया।

17. विश्वविद्यालय स्तर पर सातवें वित्त आयोग की अनुशंसा के आधार पर वेतन सत्यापन कर वेतन revision का प्रस्ताव राज्य सरकार के शिक्षा विभाग को भेजने का निर्णय लिया गया जिससे कि शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को सातवें वेतन आयोग के अनुसार वेतन का लाभ मिल सके।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

**ह0/–**
**(ब्रजेश मेहरोत्रा)**
**माननीय कुलाधिपति के प्रधान सचिव**

ज्ञापांक– बी० एस० यू० (मीटिंग) - 19/2016 - 2931 /रा.स.(।।।), दिनांक– 09-10-2019

**प्रतिलिपिः–**

1. मगध विश्वविद्यालय, बोध गया के कुलपति /प्रतिकुलपति/वित्तीय सलाहकार/कुलसचिव/महाविद्यालय निरीक्षक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
2. अपर मुख्य सचिव / निदेशक, उच्च शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
3. माननीय कुलाधिपति के आप्त सचिव / प्रधान सचिव के आप्त सचिव / सभी संबंधित पदाधिकारीगण, राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ।
4. श्री बिजय कुमार, तकनीकी निदेशक, एन.आई.सी. राजभवन, पटना को वेबसाइट पर अपलोड करने/गार्ड फाईल में संधारन हेतु।

9.10.19

**(बिजय कुमार)**
**अपर सचिव**
**राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना।**